हरियाणा सरकार



# हरियाणा बजट 2026-27



हरियाणा सरकार

# विषय सूची


| क्र. सं. | विषय | पृष्ठ |
|---|---|---|
| 1 | बजट सारांश | 1–14 |
| 2 | 12 महत्त्वपूर्ण प्रस्ताव | 15 |
| 3 | मुख्य आवंटन | 16–17 |
| 4 | कृषि व संबंधित क्षेत्र | 18–19 |
| 5 | सिंचाई | 20 |
| 6 | पब्लिक हैल्थ | 20 |
| 7 | मानव विकास | 21 |
| 8 | खेल, युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता | 22–23 |
| 9 | उद्योग एवं श्रम | 24–25 |
| 10 | स्वास्थ्य विभाग | 26 |
| 11 | आबकारी एवं कराधान | 27 |
| 12 | खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति | 27 |
| 13 | ऊर्जा विभाग | 28 |
| 14 | लोक निर्माण (भवन व सड़कें) | 29 |
| 15 | क्षेत्रीय परिवहन व यातायात | 30 |
| 16 | पंचायती राज व ग्रामीण विकास | 31 |

हरियाणा बजट 2026-27

# विषय सूची



| क्र. सं. | विषय | पृष्ठ |
|---|---|---|
| 17 | शहरी स्थानीय निकाय | 32 |
| 18 | नगर एवं ग्राम नियोजन | 33 |
| 19 | नागरिक उड्डयन | 33 |
| 20 | सभी के लिए आवास | 34 |
| 21 | पर्यटन एवं विरासत | 35 |
| 22 | पर्यावरण वन, जीव जन्तु एवं प्राकृतिक संसाधन | 35 |
| 23 | गृह विभाग | 36 |
| 24 | राजस्व विभाग | 37 |
| 25 | समाज कल्याण | 38 |
| 26 | महिला एवं बाल विकास | 39 |
| 27 | सूचना, जनसंपर्क तथा कला एवं संस्कृति | 40 |
| 28 | खान एवं भू–विज्ञान | 41 |
| 29 | विदेश सहयोग | 41 |
| 30 | सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण | 42 |
| 31 | नागरिक संसाधन सूचना | 43 |

# बजट सारांश (BUDGET SUMMARY)

## वर्ष 2031 तक लगातार प्रभावी 5 बिंदु


### बिंदु - 1

### केन्द्रीय करों से हरियाणा को मिलने वाला हिस्सा




16वें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार

### हरियाणा के कुल राजस्व में केन्द्रीय करों से प्राप्त हिस्सा



# बजट सारांश (BUDGET SUMMARY)

## वर्ष 2031 तक लगातार प्रभावी 5 बिंदु

**बिंदु - 2**

'हरियाणा क्लीन एयर प्रोजेक्ट' के तहत विश्व बैंक द्वारा ₹2716 करोड़ की सहयोग राशि स्वीकृत। 'Water Secure Haryana' के लिए ₹5715 करोड़ तथा 'Haryana AI Mission' के लिए ₹474 करोड़ की स्वीकृति विश्व बैंक से जल्द ही।

**बिंदु - 3**

'फोरसाइट एनक्स' के नाम से 4 विभागों के लिए ₹1837.65 करोड़ का प्रावधान जिससे ये विभाग 'भविष्य सक्षम' बनेंगे।

**बिंदु - 4**

Haryana Vision Document-2047 के लक्ष्यों के अनुरुप आगामी सभी बजट जेंडर व वृद्धजन आधारित होंगे।

**बिंदु - 5**


वर्ष 2014-15 में शुद्ध ऋण में 10.3% वृद्धि हुई थी। वर्ष 2024-25 में शुद्ध ऋण में यह वृद्धि गिरकर 4.91% रह गई। वर्ष 2025-26 के संशोधित अनुमान के अनुसार यह ₹35,457 करोड़ है जो वर्ष 2026-27 के बजट में ₹40,148 करोड़ अनुमानित है।

# बजट सारांश (BUDGET SUMMARY)

## वित्त वर्ष 2025-26 से संबंधित 7 बिंदु


### बिंदु - 1

**राजकोषीय घाटा/GSDP (Fiscal Deficit to GSDP)**





### बिंदु - 2

**पूंजीगत व्यय / कुल बजट**
**(Capital Expenditure to Total Budget)**




**प्रभावी पूंजीगत व्यय / कुल बजट**
**(Effective Capital Expenditure to Total Budget)**




# बजट सारांश (BUDGET SUMMARY)

## वित्त वर्ष 2025-26 से संबंधित 7 बिंदु


### बिंदु - 3

**कुल बजट में से किया गया वास्तविक व्यय (Actual Expenditure Incurred out of the Total Budget)**





### बिंदु - 4

**राजस्व घाटा/कुल बजट (Revenue Deficit/ Total Budget)**




### बिंदु - 5

**प्रभावी राजस्व घाटा/GSDP (Effective Revenue Deficit to GSDP)**




# बजट सारांश (BUDGET SUMMARY)


## वित्त वर्ष 2025-26 से संबंधित 7 बिंदु

### बिंदु - 6

#### सरकारी उपक्रमों में घाटा





#### सरकारी उपक्रमों में लाभ





### बिंदु - 7

#### बजट अनुमान की तुलना में संशोधित अनुमानों में कमी




# बजट सारांश (BUDGET SUMMARY)

## कुल बजट (Total Budget)





## क्षेत्रवार योगदान 2025-26




# बजट सारांश (BUDGET SUMMARY)

## सकल घरेलू उत्पाद (GDP) विकास दर 2025-26 (A)
## (At Constant 2011-12 Prices)





A - अग्रिम अनुमान

## राजस्व प्राप्तियां (Revenue Receipts)





## राजस्व घाटा/GSDP (Revenue Deficit to GSDP)



# बजट सारांश (BUDGET SUMMARY)

## चालू मूल्यों पर प्रति व्यक्ति आय (₹ में)
## Per Capita Income at Current Prices (in ₹)

प्रमुख राज्यों में हरियाणा की प्रति व्यक्ति आय सबसे अधिक





P- Provisional Estimates, Q- Quick Estimates, A- Advance Estimates | हरियाणा | राष्ट्रीय

## बजट सारांश (BUDGET SUMMARY)

# स्थिर (2011-12) मूल्यों तथा चालू मूल्यों (₹ करोड़) पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद (GSDP)


# GSDP at Constant (2011-12) and Current Prices (₹ Crore)




P- Provisional Estimates, Q- Quick Estimates, A- Advance Estimates | हरियाणा | राष्ट्रीय

# बजट सारांश (BUDGET SUMMARY)

## कैसे आता है रुपया Rupee Comes From (%)
## (Consolidated Fund 2026-27 BE)



# बजट सारांश (BUDGET SUMMARY)

## कैसे आता है रुपया Rupee Comes From (%)
## (Consolidated Fund 2026-27 BE)

### राज्य का अपना कर राजस्व (State Own Tax Revenue) — 46.79

| | |
|---|---|
| एस.जी.एस.टी. (SGST) | 23.41 |
| वैट (VAT) | 5.56 |
| स्टेट एक्साइज (State Excise) | 5.88 |
| स्टांप और पंजीकरण (Stamps and Registration) | 8.72 |
| वाहन कर (Taxes on Vehicles) | 2.91 |
| अन्य (Others) | 0.31 |

### उधार (Borrowings) — 34.09

| | |
|---|---|
| राज्य विकास ऋण (State Development Loan) | 25.04 |
| खाद्यान्न खरीद (Food Procurement) | 6.75 |
| NABARD और NCRPB (NABARD and NCRPB) | 1.31 |
| भारत सरकार से ऋण (GoI Loan) | 1.00 |

### अन्य प्राप्तियां (Other Receipts) — 0.55

### केंद्र से विचलन (Devolution from Centre) — 13.71


| | |
|---|---|
| केन्द्रीय करों का हिस्सा (State Share from Central Taxes) | 9.29 |
| केन्द्र से प्राप्त सी.एस.एस. हिस्सा और अन्य अनुदान (Central share under CSS and other Grants) | 4.42 |

### गैर कर राजस्व (Non Tax Revenue) — 4.86

| | |
|---|---|
| परिवहन (Transport) | 0.63 |
| शहरी विकास (Urban Development) | 0.89 |
| खान एवं भूविज्ञान (Mines and Geology) | 0.80 |
| ब्याज, लाभांश और लाभ (Interest, Dividend & Profits) | 0.95 |
| शिक्षा (Education) | 0.27 |
| अन्य (Others) | 1.32 |

# बजट सारांश (BUDGET SUMMARY)

## कहाँ खर्च होता है रुपया Rupee is Spent on (%) (Consolidated Fund 2026-27)



# बजट सारांश (BUDGET SUMMARY)

## कहाँ खर्च होता है रुपया Rupee is Spent on (%)
## (Consolidated Fund 2026-27)

### आर्थिक सेवाएं (Economic Services) 21.01

| | |
|---|---|
| कृषि एवं संबंधित क्षेत्र (Agriculture & Allied including Irrigation & RE Subsidy) | 10.80 |
| परिवहन, नागरिक उड्डयन, सड़कें और पुल (Transport, Civil Aviation, Roads & Bridges) | 4.19 |
| ग्रामीण विकास और पंचायतें (Rural Development & Panchayats ) | 3.93 |
| अन्य (Others) | 2.09 |

### सामान्य सेवाएं (General Services) 15.45

| | |
|---|---|
| प्रशासनिक सेवाएं (Administrative Services) | 4.57 |
| पेंशन (Pension) | 8.00 |
| अन्य (Others) | 2.88 |

### ऋण भुगतान (Repayment of Debt) 29.23


| | |
|---|---|
| मूलधन (Principal) | 16.14 |
| ब्याज (Interest) | 13.09 |

### सामाजिक सेवाएं (Social Services) 34.31

| | |
|---|---|
| शिक्षा (Education) | 10.70 |
| समाज कल्याण और पोषण (Social Welfare & Nutrition) | 8.73 |
| स्वास्थ्य और परिवार कल्याण (Health & Family Welfare) | 6.26 |
| जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी (Public Health Engineering) | 2.61 |
| अन्य (Others) | 6.01 |

## बजट सारांश (BUDGET SUMMARY)

# कुल राजस्व प्राप्तियों की संरचना %
# (Composition of Total Revenue Receipts %)



# 12 महत्वपूर्ण प्रस्ताव

किसानों को कृषि के लिए बिजली का जल्दी कनेक्शन व निर्बाध बिजली देने के लिए **हरियाणा एग्री डिस्कॉम** के नाम से तीसरी बिजली वितरण कंपनी बनेगी, जो सभी 5084 कृषि फीडरों और 7.12 लाख कृषि उपभोक्ताओं को सेवाएं देगी।

वर्ष 2026–27 में 14 वर्ष की लगभग 3 लाख किशोरियों का एच.पी.वी. वैक्सीन से टीकाकरण होगा। हर जिला अस्पताल और हर उप–मंडल अस्पताल में विशेष 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' क्लीनिक की स्थापना की जाएगी।

राज्य की ग्राम सभाओं, पैक्स और श्रम एवं निर्माण समितियों का सशक्तिकरण किया जाएगा:–

i. ग्राम सभा की प्रत्येक बैठक में 6 नये कार्यों पर चर्चा करना अनिवार्य किया जाएगा।

ii. कम से कम 300 पैक्स को लाभ में लाने का लक्ष्य है।

iii. श्रम एवं निर्माण समितियों को ₹4000 करोड़ के सरकारी कार्य आवंटित करने का लक्ष्य है।

मई, 2026 में इनोवेशन चैलेंज का आयोजन करके सर्वोत्तम AI टीमों का चयन किया जाएगा। 1 नवंबर, 2026 से चयनित टीमों के सफल मॉडलों को संबंधित विभागों में लागू किया जाएगा।

सभी विभागों के सरकारी भवनों, स्वायत्त शैक्षणिक संस्थानों तथा सभी पंजीकृत गौशालाओं को सौर ऊर्जा आधारित परिसरों में परिवर्तित किया जाएगा।

निवेशकों को आकर्षित करने हेतु नई 'मेक इन हरियाणा' नीति के तहत सभी ब्लॉकों में औद्योगिक निवेश तथा कर्मचारियों की भर्ती व R&D के लिए वित्तीय प्रोत्साहन एवं एम्पलोएमेंट सब्सिडी ₹48000 से बढ़ाकर ₹1 लाख प्रति कर्मचारी प्रति वर्ष की जाएगी।

सोनीपत, हिसार, अम्बाला शहर, यमुनानगर, सिरसा, फतेहाबाद, नीलोखेड़ी, बहादुरगढ़, बरवाला एवं पानीपत में बेहतर इंफ्रॉस्ट्रक्चर के लिए ₹500 करोड़ का विशेष 'सक्षम' फंड बनेगा।

एक्सपर्ट कमेटी की सिफारिश पर शीघ्र ही निर्णय लेकर वर्ष 2026–27 में अकुशल श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी में बढ़ोतरी की जाएगी।

प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में सार्वजनिक–निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल पर 'आदर्श परीक्षा केंद्र' स्थापित किए जाएंगे। प्रथम आदर्श परीक्षा केंद्र की स्थापना 25 दिसंबर, 2026 तक कुरुक्षेत्र में की जाएगी।

प्रदेश में यमुना नदी में जल प्रदूषण को समाप्त करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एक नया मिशन प्रारंभ किया जाएगा।

हरियाणा को अधिक स्वच्छ, हरित और जलवायु–सक्षम राज्य बनाने की दिशा में ₹100 करोड़ के सीड प्रावधान के साथ "हरियाणा ग्रीन क्लाइमेट रेज़िलिएंस फंड" की स्थापना की जाएगी।

19 दिसम्बर, 2025 को हांसी को राज्य के 23वें जिले के रुप में गठित किया गया। इसे अब एक अति आधुनिक मॉडल जिले के रूप में विकसित किया जाएगा।

# मुख्य आवंटन (MAJOR ALLOCATION)

| (Departments/Sectors) | 2026-27(BE) ₹ Crore |
|---|---|
| Agriculture & Allied Services | 8319.77 |
| Environment, Forests and Wildlife and Climate Change | 741.55 |
| Co-operation | 1970.00 |
| Education & Sports | 23603.69 |
| Youth Empowerment and Entrepreneurship Department (Skill Development and Industrial Training, Employment) | 1512.21 |
| Health, Medical Education & Family Welfare, AYUSH, ESI, Food & Drugs Administration | 14007.28 |
| Home, Civil Defence and Prison | 8475.01 |
| Energy | 6868.00 |
| Social Justice Empowerment, Welfare of SCs & BCs and Antyodaya (SEWA) | 17250.72 |
| Women and Child Development | 2263.29 |

# मुख्य आवंटन (MAJOR ALLOCATION)

| (Departments/Sectors) | 2026-27(BE) ₹ Crore |
|---|---|
| Development & Panchayats and Rural Development | 8703.74 |
| Transport & Civil Aviation | 4116.13 |
| Town & Country Planning and Urban Local Bodies | 6797.57 |
| Industries & Commerce and MSME | 1950.92 |
| Irrigation and Water Resources | 6446.57 |
| Public Health Engineering | 5912.02 |
| Public Works (Roads and Bridges) | 5893.66 |
| Revenue and Disaster Management, Fire Services, Land Records and Consolidation | 4024.28 |
| Interest Payment | 29266.62 |
| Pension | 17430.00 |
| Repayment of Public Debt Excluding W&M Advance | 36101.68 |
| Other Departments | 12003.46 |

# कृषि व संबंधित क्षेत्र



भिवानी, रोहतक, गुरुग्राम सहित अन्य जिलों में अतिरिक्त 1.40 लाख एकड़ लवणीय भूमि को खेती योग्य बनाया जायेगा।

कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण से प्रमाणित किसानों को अगले 5 वर्षों तक ₹10,000 प्रति एकड़ प्रति वर्ष मिलेगा अनुदान।

देसी कपास की खेती की प्रोत्साहन राशि ₹3,000 से बढ़ाकर ₹4,000 प्रति एकड़।

धान छोड़कर दालें, तिलहन और कपास उगाने वाले किसानों को ₹2,000 प्रति एकड़ अतिरिक्त बोनस।

पंचकूला, यमुनानगर, करनाल, सोनीपत, रोहतक, गुरुग्राम, फरीदाबाद, हिसार, चरखी दादरी व नारनौल की जिला मंडियों में जैविक किसानों को उपज बेचने के लिए विशेष स्थान मिलेगा।

ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 2,000 महिलाओं को खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण देकर ग्रामीण हाट और सीधे बाजार से जोड़ा जाएगा।

मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना में फलों पर मुआवजा बढ़ाकर ₹50,000 और सब्जियों–मसालों पर बढ़ाकर ₹40,000 प्रति एकड़।

किसानों को सीधा बाजार देने के लिए प्रदेशभर में 'ग्रामीण हाट मंडियां' स्थापित होंगी।

# कृषि व संबंधित क्षेत्र

एकल आंख विधि से गन्ने की बिजाई पर प्रोत्साहन राशि ₹3,000 से बढ़ाकर ₹5,000 प्रति एकड़।

मधुमक्खी पालन को सुरक्षित बनाने के लिए इसे मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना में शामिल करेंगे।

गन्ना प्रौद्योगिकी मिशन के तहत 4 फीट दूरी पर चौड़ी कतारों में गन्ना रोपण पर प्रोत्साहन राशि ₹3,000 से बढ़ाकर ₹5,000 प्रति एकड़।

मत्स्य किसानों के लिए यमुनानगर, रोहतक व फरीदाबाद में ₹9 करोड़ से नई मृदा–जल परीक्षण लैब स्थापित होंगी।

₹20 करोड़ से ज्योतिसर और सांपला के मछली बीज फार्मों का होगा आधुनिकीकरण।

उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए ₹10 करोड़ की लागत से 100 पशुओं की क्षमता वाले आधुनिक डेयरी फार्म होंगे स्थापित।

प्रदेश में 7 नए पशु औषधालय और 4 नए राजकीय पशु चिकित्सालय खोले जाएंगे।

हिसार में ₹30 करोड़ की लागत से हरियाणा पशु चिकित्सा महामारी विज्ञान केंद्र बनेगा।

दुग्ध प्रसंस्करण क्षमता बढ़ाने के लिए रेवाड़ी और अंबाला में ₹300–₹300 करोड़ की लागत से 5 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले दो नए मिल्क प्लांट बनेंगे।

प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत हिसार व फरीदाबाद में ₹100 करोड़ की लागत से मछली मंडियां और करनाल में ₹50करोड़ की लागत से मछली प्रसंस्करण इकाई स्थापित होंगी।

खाद्य गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए 8 नई एकीकृत खाद्य लैब स्थापित होंगी, साथ ही करनाल में ₹8 करोड़ से NABL प्रमाणित दुग्ध व खाद्य परीक्षण लैब बनेगी।

# सिंचाई

भाखड़ा मेन ब्रांच, सिरसा ब्रांच सहित 1500 किमी लंबी लगभग 70 नहरों की लाइनिंग के पुनर्वास होगा।



हरियाणा जल संसाधन प्राधिकरण द्वारा ₹125 करोड़ की लागत से नई जल संरचनाएं और वर्षा जल संचयन कार्य होंगे।

Per Drop-More Crop प्रोग्राम के तहत 1.25 लाख एकड़ अतिरिक्त क्षेत्र को ड्रिप व स्प्रिंकलर सिंचाई से जोड़ेंगे।

# पब्लिक हेल्थ

महाग्राम योजना के तहत 10 गांवों में पेयजल आपूर्ति 55 से बढ़ाकर 135 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन होगी। शहरी क्षेत्रों में 150 किमी लंबी सीवरेज लाइन बिछाई जाएगी।

शुद्ध जल बचाने के लिए नई नीति के तहत 31 दिसंबर, 2028 तक 100% रिसाइकल्ड वेस्ट वाटर का उपयोग गैर–उपभोग्य प्रयोजनों के लिए किया जाएगा।

पेयजल गुणवत्ता सुधार के लिए हिसार सहित 5 जिलों के 44 वाटर वर्क्स टैंकों को RCC लाइनिंग में बदलेंगे।



# मानव विकास

250 विद्यालयों को CM (EEE) विद्यालयों के रूप में विकसित किया जाएगा।

जर्मन व जापानी भाषाएं पढ़ाने के लिए 100 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

हरियाणा दिवस 1 नवम्बर, 2026 तक सभी राजकीय विद्यालयों में Dual Desk की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए ₹200 करोड़ का प्रावधान।

भविष्य विभाग और उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से एक स्वायत्त AI एवं डिजिटल कॉलेज शुरू होगा।

स्टेम को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कक्षा 11वीं के 100 विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय भ्रमण करवाया जाएगा।

भिवानी, करनाल, फरीदाबाद, नूंह, पंचकूला, पानीपत तथा पलवल जिलों में दोहरी पाली में चल रहे 25 विद्यालय एकल पाली में परिवर्तित होंगे।


गांव मऊ लोकरी (गुरुग्राम),गांव खेड़ी तलवाना (महेंद्रगढ़), नारायणगढ़ (अंबाला) और कवि (पानीपत) में 4 नए राजकीय बहुतकनीकी संस्थान स्थापित करने का प्रस्ताव।

3,328 राजकीय उच्च एवं वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों को खेल मैदान के विकास हेतु ₹1 लाख प्रति विद्यालय मिलेंगे।

प्रदेश के 250 विद्यालयों में ₹25 करोड़ की लागत से अटल टिंकरिंग लैब बनेंगी।

उच्च शिक्षा के तंत्र तथा अनुसंधान प्रयोगशालाओं के उन्नयन हेतु ₹10 करोड़ का उच्च शिक्षा गुणवत्ता एवं अनुसंधान उत्कृष्टता कोष शुरू किया जाएगा।

वीर बाल मेमोरियल इनिशिएटिव योजना के तहत किसी विद्यार्थी की दुर्घटना में मृत्यु पर उसके परिवार को ₹5 लाख और दिव्यांगता होने पर ₹3 लाख की राशि दी जाएगी।



# खेल, युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता

मिशन ओलंपिक 2036 योजना के अंतर्गत प्रतिभा खोज अभियान शुरू होगा।


स्वस्थ जीवन शैली व फिटनेस को बढ़ावा देने हेतु 'फिट हरियाणा अभियान' 30 सितंबर 2026 से शुरू होगा।

राजीव गांधी खेल परिसर, दौलताबाद को अपग्रेड करते हुए यहां राज्य का पहला पैरा खेल स्टेडियम बनाया जाएगा।

कैथल, झज्जर, चरखी दादरी, गुरुग्राम , कुरुक्षेत्र , जींद, रोहतक, फरीदाबाद, यमुनानगर, सोनीपत, फतेहाबाद व पलवल में बनाए जाएंगे 21 नए खेल स्टेडियम।



खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण देने के लिए अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रशिक्षकों की होंगी नियुक्तियां।




प्रत्येक ज़िले में एक खेलो इंडिया लघु केंद्र बनाकर इसका संचालन किसी पूर्व चैम्पियन खिलाड़ी को सौंपा जाएगा।



प्रत्येक ज़िले में बनेगा एक सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक।



# खेल, युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता

₹6 करोड़ की लागत से 6 मोबाइल स्किल लैब होंगी स्थापित। ईवी मेंटेनेंस, सौर ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक्स रिपेयर तथा डिजिटल सेवाओं का मिलेगा प्रशिक्षण।



पीएम सेतु योजना के अंतर्गत सोनीपत व कुरुक्षेत्र में ₹241 करोड़ की लागत से एक–एक हब–एंड–स्पोक आईटीआई क्लस्टर बनेगा।

₹60 करोड़ की लागत से बनेंगे 3 'राज्य उद्यमिता विकास संस्थान' प्रति वर्ष 1000 युवाओं को मिलेगा उद्यमिता का प्रशिक्षण। महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत सीट होंगी आरक्षित।

₹50 करोड़ की लागत से आधुनिक राज्य कौशल संकाय प्रशिक्षण एवं अनुसंधान केन्द्र बनेगा।

दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली योजना के तहत नामांकित विद्यार्थियों को ₹2000 प्रति माह की वित्तीय सहायता मिलेगी।

₹50 करोड़ की लागत से करनाल, हिसार, रोहतक, गुरुग्राम व पलवल में बनेंगे 5 युवा छात्रावास।

अंत्योदय परिवारों के लिए मुख्यमंत्री अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम के तहत वर्तमान छात्रवृत्ति के अतिरिक्त प्रति माह ₹1500 की मासिक सहायता मिलेगी।

पिंक कैब योजना के तहत महिलाओं को वाहन चलाने का दिया जायेगा प्रशिक्षण तथा इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद हेतु ₹10 लाख तक का ब्याज– मुक्त ऋण मिलेगा।

# उद्योग एवं श्रम

उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए 'लैंड ऑन लीज' नीति के तहत औद्योगिक प्लॉट लंबे समय की लीज पर दिए जाएंगे, जिन्हें बाद में फ्री होल्ड में बदला जा सकेगा।

निवेश प्रक्रिया आसान बनाने के लिए 45 कार्य दिवसों में डिजिटल लैंड फीजिबिलिटी सर्टिफिकेट जारी करने की व्यवस्था शुरू की जायेगी।

निवेशकों की सुविधा के लिए फरीदाबाद, गुरुग्राम,मानेसर और रेवाड़ी में कॉमन इंडस्ट्रियल सेक्रेटेरिएट स्थापित किए जाएंगे।

Indian Institute of Handloom Technology के लिए HSIIDC द्वारा 10 एकड़ भूमि उपलब्ध करवाई जाएगी।

कामकाजी महिलाओं की सुविधा के लिए औद्योगिक क्षेत्रों में 10 आधुनिक मातृ–शक्ति औद्योगिक क्रेच नेटवर्क शुरू किए जाएंगे।

निवेशकों की समस्याओं के समाधान के लिए 'एडवांस रूलिंग पोर्टल' शुरू होगा,जहां 15 दिनों में प्रश्नों का समाधान करना अनिवार्य होगा।

छोटे व्यपारियों और MSME इकाइयों को आग, चोरी व प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा के लिए किफायती बीमा योजना शुरू की जाएगी और हर औद्योगिक एस्टेट में कॉमन फैसिलिटी सेंटर स्थापित होंगे।

राई में देश का सबसे बड़ा होलसेल मार्केट कॉम्प्लेक्स तथा उत्तर भारत का सबसे बड़ा मार्बल मार्केट क्लस्टर विकसित होगा।

गुरुग्राम, खरखौदा व पिंजौर में स्थापित होगी वैडिंग सिटी।

ओबीसी श्रेणी के प्लॉट धारकों को परियोजना पूर्ण होने के उपरान्त प्लॉट लागत में 10 प्रतिशत की छूट।



# उद्योग एवं श्रम




सभी दुकानों और वाणिज्यिक संस्थानों का स्वत: पंजीकरण अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से।

हरसरु, कादीपुर, वजीराबाद, शाहबाद मारकण्डा व फतेहाबाद में 5 नई ESI डिस्पेंसरी खुलेंगी, मानेसर के ESIC अस्पताल को 200 बिस्तर में अपग्रेड करके यहां नया मेडिकल कॉलेज बनाया जाएगा।

श्रमिकों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए कक्षा 6 से 12 तक का अटल आवासीय विद्यालय होगा स्थापित।

औद्योगिक श्रमिकों को हर साल नि: शुल्क स्वास्थ्य जांच और पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को मुफ्त इलाज व दवाइयों की दी जाएगी सुविधा।

औद्योगिक शैडों पर लगने वाले Building Cess को कम किया जाएगा।





# स्वास्थ्य विभाग

18 जिलों में सीटी स्कैन, 7 जिलों में एमआरआई, अल्ट्रासाउंड, ब्लड एनालाइजर सुविधाएं उपलब्ध करवा दी गई हैं। शेष जिलों में 30 जून, 2026 तक उपलब्ध करवा दी जाएँगी।

जिला अस्पताल फरीदाबाद को 200 से 400 बिस्तर में अपग्रेड किया जाएगा। जिला अस्पताल सोनीपत व रेवाड़ी 200 से 300 बिस्तर में अपग्रेड किये जाएंगे।

बाबा खेतानाथ आयुर्वेदिक कॉलेज में छात्रावास, स्टाफ क्वार्टर, फार्मेसी, योग हॉल, मल्टीपर्पज हॉल और आयुष वेलनेस सेंटर का निर्माण होगा।

किफायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी 23 जिला अस्पतालों में AMRIT फार्मेसी स्टोर खोले जाएंगे।



आय मानदंड की परवाह किए बिना निरोगी हरियाणा योजना के अन्तर्गत प्रदेश के 70 वर्ष से बड़े सभी नागरिकों को नि:शुल्क रक्त जांच सुविधा दी जाएगी।

जिला अस्पतालों, उप–मण्डल अस्पतालों व सामुदायिक केन्द्रों में अग्निशमन प्रणालियों को सुदृढ़ करने के लिए ₹100 करोड़ के आवंटन से नई पहल शुरू करने का प्रस्ताव।

फरीदाबाद, गुरुग्राम, महेन्द्रगढ़, नूंह, पलवल, रेवाड़ी, कुरुक्षेत्र और जीन्द जिले में बनेंगे 17 नए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र।

100 नये स्वास्थ्य उपकेन्द्र और आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित किये जाएंगे। यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, रेवाड़ी, महेन्द्रगढ़ और करनाल में 25 नए आयुष औषधालय बनेंगे।

आपातकालीन सेवाओं को और मज़बूत करने के लिए 70 नई एडवांस लाइफ स्पोर्ट एंबुलेंस और 167 नई बेसिक लाइफ स्पोर्ट एंबुलेंस खरीदी जाएँगी।

## आबकारी एवं कराधान

छोटे व्यापारियों को राहत देने के लिए VAT, CST व एंट्री टैक्स के पुराने बकाया निपटान हेतु नई वन टाइम सेटलमेंट योजना लाई जाएगी।

पेट्रोल, डीजल सहित 6 वस्तुओं पर वैट रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया को और सरल बनाया जाएगा।




आबकारी सेवाएं ऑनलाइन एवं पेपरलेस होंगी। ट्रैक एंड ट्रेस सिस्टम होगा अपग्रेड।

सभी जिलों में स्थित विभागीय कार्यालयों में आधुनिक पुस्तकालय स्थापित होंगे, पहला पुस्तकालय 1 जुलाई, 2026 तक गुरुग्राम में शुरू करने का लक्ष्य है।

## खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति



वित्त वर्ष 2026–27 में उचित मूल्य की 4000 नई दुकानें खोलने का लक्ष्य (इन दुकानों के आबंटन में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण)।

इच्छुक दुकानदारों को 5–5 किलोग्राम के पैकेट में जैविक खाद बेचने की छूट।

FCI को CMR की पूर्ण डिलीवरी देने में असफल रहे राइस मिलरों के लिए वन टाइम सेटलमेंट योजना

# ऊर्जा विभाग

विद्युत क्षेत्र में शोध को बढ़ावा देने के लिए सेंट्रल पावर रिसर्च इंस्टिट्यूट के सहयोग से प्रदेश में क्षेत्रीय अनुसंधान एवं परीक्षण केंद्र होगा स्थापित ।



प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 2026–2027 तक 2.2 लाख घरों पर रूफ टॉप सोलर पैनल लगेंगे।

पीएम कुसुम योजना के तहत 2026–27 में किसानों के लिए 35,000 नए सौर ऊर्जा पंप लगाए जाएंगे।




पराली प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए 13 जिलों में धान की पराली आधारित बायोमास बिजली परियोजनाएं स्थापित होंगी।

ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी लागू होगी और पहला प्लांट पानीपत में लगेगा।

गांवों से दूर–दराज ढ़ाणियों को बिजली सुविधा देने के लिए 1 से 3 किलोवाट के सोलर पावर प्लांट रियायती दर पर उपलब्ध होंगे।

# लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें)



करनाल, जींद, डबवाली, लाडवा, लोहारू, उनींदा (अटेली) और कुरुक्षेत्र में नए विश्राम गृह बनेंगे।

वित्त वर्ष 2026–27 में 5,000 किलोमीटर लम्बी सड़कों का सुधारीकरण होगा।

गुरुग्राम–पटौदी रोड के हरसरु बाईपास से वजीरपुर होते हुए झज्जर तक 6–लेन सड़क तथा फरुखनगर बाईपास का निर्माण होगा।

वर्ष 2026–27 में 18 नए आर.ओ.बी. और 12 आर.यू.बी. का निर्माण शुरू होगा।




यातायात के दबाव को कम करने के लिए जीरकपुर बाईपास बनाया जाएगा।

कैथल–ढांड–कुरुक्षेत्र व कुरुक्षेत्र–लाडवा–रादौर–यमुनानगर मार्ग को फोर लेन किया जाएगा।

# क्षेत्रीय परिवहन व यातायात

मुख्य धार्मिक स्थलों जैसे कटरा, सालासर, खाटूश्याम, हरिद्वार, अमृतसर आदि की यात्रा के लिए हरियाणा रोडवेज द्वारा 50 नई इलैक्ट्रिक बसों की खरीद।

विद्यार्थियों को बेहतर यातायात सुविधाएं देने के लिए 1,000 बसें खरीदी जाएंगी।




एच.एस.एस.सी. के परीक्षार्थियों को मुफ्त यात्रा सुविधा देने के लिए एक वेब पोर्टल बनाया जाएगा।

सड़क सुरक्षा और परिचालन दक्षता बढ़ाने के लिए प्रदेश में एक केंद्रीकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर बनाया जाएगा।

केवल महिला यात्रियों व छात्राओं के लिए वर्तमान में समर्पित 273 बसों की संख्या को बढ़ाकर 500 किया जाएगा।

वर्तमान में 12 शहरों में चल रही इलैक्ट्रिक सिटी बस सेवा को शेष जिला मुख्यालयों में भी किया जाएगा शुरू।

# पंचायती राज व ग्रामीण विकास

"विकसित भारत गांरटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण"(**VB-G-RAM-G**) के तहत हर ग्रामीण परिवार को साल में 125 दिन की मजदूरी आधारित रोजगार गारंटी हेतु ₹610 करोड़ का प्रावधान।

गांवों की चौपालों, ग्राम सचिवालयों, पुस्तकालयों, सड़कों जैसे सामुदायिक भवनों के रख–रखाव के लिए वर्ष 2026–27 से पांच प्रतिशत राशि अनिवार्य रूप से सुरक्षित रखी जाएगी

पलवल का 37 किलोमीटर का मार्ग, जो ब्रज की 84 कोस की यात्रा का हिस्सा है, उस पर ₹10 करोड़ की लागत से शेड, सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण और पेयजल व्यवस्था होगी।

अटल सुशासन दिवस पर 1,000 नए अटल पुस्तकालयों का होगा लोकार्पण

ग्राम पंचायतों की भूमि का एक निश्चित हिस्सा जैविक/प्राकृतिक खेती के लिए उपयोग होगा।

"अभिनव पायलट परियोजना" नाम से ग्राम पंचायतों की भूमि पर सोलर फार्म स्थापित होंगे।



स्वयं सहायता समूहों को शामलात भूमि में से 500 वर्ग गज तक भूमि डेयरी बनाने के लिए लीज पर देंगे।

स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की मार्केटिंग के लिए प्रत्येक ब्लॉक में एक आधुनिक ग्राम हाट बनेगा।

पिछले बजट में 5 लाख संभावित "लखपति दीदी" में से 4,83,361 महिलाओं की पहचान की गई। अगले वर्ष 3 लाख और "लखपति दीदी" बनाने का लक्ष्य

1000 से अधिक आबादी वाली पंचायतों में कच्ची फिरनियों को पक्का करने का काम पूर्ण कर लिया जाएगा।

दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत 20,000 से अधिक ग्रामीण युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करके उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ेंगे।

2 अक्तूबर, 2026 तक प्रदेश के सभी गांवों को ओडीएफ प्लस मॉडल गांव में परिवर्तित करेंगे।

# शहरी स्थानीय निकाय विभाग

पानी व सीवरेज के बिलों पर बकाया लगभग ₹140 करोड़ का सरचार्ज किया जाएगा माफ।

500 वर्ग गज तक की मीटर्ड आवासीय सम्पत्तियों को 10 किलो लीटर प्रतिमाह तक निःशुल्क जल सप्लाई।

शहरी क्षेत्रों में नगर निकायों की भूमि पर अतिक्रमित रिहायशी कब्जाधारियों को कानूनी मालिकाना हक प्रदान करने के लिए नीति लाई जाएगी।

फरीदाबाद, गुरुग्राम, मानेसर तथा जींद– हिसार, फतेहाबाद व अंबाला– पंचकूला, यमुनानगर क्लस्टर में 5 वेस्ट–टू–एनर्जी प्लांट लगेंगे।



हिसार, यमुनानगर, रोहतक, पानीपत और अंबाला में इंटीग्रेटिड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित होंगे।

आवश्यक कार्यों को तुरंत करवाने हेतु पार्षद् आपातकालीन फंड होगा स्थापित।

संपत्ति कर के 31 मार्च, 2025 तक के बकाया ब्याज पर शत–प्रतिशत छूट।

शहरों में बड़े स्तर पर पौधारोपण हेतु ₹100 करोड़ का अर्बन ग्रीन फंड बनेगा।

# नगर एवं ग्राम नियोजन

01 वर्ष 2026–27 में ईडीसी से ₹4 हजार करोड़ और आईडीसी से ₹1,200 करोड़ हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण तथा गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत, पंचकूला और हिसार के विकास प्राधिकरणों के विकास कार्यों के लिए देने का प्रस्ताव।

02 फ़रीदाबाद क्षेत्र को ग्लोबल ग्रोथ जोन के रूप में विकसित किया जाएगा

03 गुरुग्राम में सड़क अवसंरचना के लिए ₹1,263 करोड़ तथा जल आपूर्ति, सीवरेज एवं ड्रेनेज परियोजनाओं के लिए ₹1,477 करोड़ के कार्य किए जाएंगे।

04 फरीदाबाद के नहर पार क्षेत्र में शेष बची हुई 260 किलोमीटर लंबी सेक्टर डिवाइडिंग मास्टर सड़कों के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया होगी शुरू।

# नागरिक उड्डयन

पिंजौर में बनेगा एक हेलीपोर्ट।

हिसार एयर कार्गो टर्मिनल का निर्माण कार्य किया जाएगा पूरा।

हिसार से जम्मू व अहमदाबाद के लिए हवाई सेवाएं होंगी शुरु।



करनाल में 600 एकड़ भूमि पर एक नया ग्रीन फील्ड हवाई अड्डा बनाने की औपचारिक स्वीकृतियां वर्ष 2026–27 में प्राप्त करने का है लक्ष्य।

# सभी के लिए आवास

''प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी 2.0'' के अंतर्गत 20 हजार गरीब परिवारों को पक्के घर के निर्माण हेतु ₹500 करोड़ की आर्थिक सहायता।

'प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी' के अंतर्गत वर्ष 2026–27 में 8,145 निर्माणाधीन घरों का कार्य होगा पूरा।

'प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण' के अंतर्गत 23,154 नए घर बनेंगे।



''मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना'' के अंतर्गत 16 शहरों में 30 वर्ग गज के 15,251 प्लॉट किए जाएंगे आवंटित।

फरीदाबाद, गुरुग्राम, झज्जर, पलवल, पानीपत, रोहतक एवं रेवाड़ी में 8,000 ई.डब्ल्यू.एस. फ्लैट गरीब परिवारों को दिए जाएंगे।

''मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0'' के अंतर्गत 5 महाग्रामों तथा 157 छोटे गांवों में क्रमशः 50 व 100 वर्ग गज के 5,000 प्लॉट जरूरतमंद परिवारों को दिए जाएंगे।

# पर्यटन एवं विरासत




पानीपत युद्धभूमि व्याख्या केंद्र को 16 एकड़ भूमि पर विकसित किया जाएगा।

पिंजौर में बनेगी आधुनिक फिल्म सिटी।


फरीदाबाद के अरावली गोल्फ कोर्स को एक विश्वस्तरीय रिक्रिएशन एवं स्पोर्ट्स डेस्टिनेशन के रूप में करेंगे विकसित।

# पर्यावरण, वन, जीव जन्तु एवं प्राकृतिक संसाधन

राज्य में वृक्ष आवरण बढ़ाने और प्लाईवुड उद्योगों को और समर्थन देने के लिए वित्त वर्ष 2026–27 में हरियाणा राज्य एग्रो फोरेस्ट्री पॉलिसी लागू होगी।

'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पंचायत भूमि और सार्वजनिक भूमि पर बड़े पैमाने पर पौधारोपण अभियान चलेगा।

पवित्र उपवन संरक्षण के लिए सभी 'पवित्र उपवन' अधिसूचित होंगे।




दुर्लभ व संकट ग्रस्त वृक्ष प्रजातियों के संरक्षण के लिए किसानों को प्रोत्साहन राशि मिलेगी।

गांव हसनपुर, करनाल में वन विभाग की 100 एकड़ भूमि में लगभग ₹50 करोड़ की लागत से एक डियर पार्क बनेगा।

# गृह विभाग



लोहारू, बरवाला, नरवाना, समालखा, महम, रादौर व पेहोवा में सात नए महिला थाने बनेंगे।

आपातकालीन सेवाओं के लिए 150 नई इमरजेंसी रिस्पॉन्स व्हीकल की होगी खरीद।



आतंकवादी गतिविधियों से निपटने और उन पर प्रभावी रोकथाम के लिए पुलिस महानिरीक्षक स्तर के अधिकारी के अधीन एंटी टेररिस्ट स्क्वाड बनेगा, ₹35.5 करोड़ होंगे खर्च।

अगले तीन साल में सड़क पर तैनात सभी पुलिसकर्मियों को बॉडी वॉर्न कैमरे से किया जाएगा लैस।



भारतीय रिजर्व बटालियन के लिए गांव संगेल (नूंह) में 107 एकड़ भूमि पर आधुनिक भवन व अन्य सुविधाएं होंगी उपलब्ध।

हरियाणा पुलिस कल्याण कोष में ₹16 करोड़ का समतुल्य अनुदान।

साइबर अपराधों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सोनीपत, गोहाना तथा बहादुगढ़ में तीन नए साइबर अपराध पुलिस थाने बनेंगे।

हरियाणा पुलिस की नियुक्तियों में अग्निवीरों को 20 प्रतिशत आरक्षण, अगले वर्ष 1300 अग्निवीरों की हरियाणा पुलिस में होगी विशेष भर्ती।

# राजस्व विभाग

एक हजार करोड़ रुपये के प्रारंभिक आवंटन से बनाया जाएगा 'भूमि बैंक'।

रैवेन्यू अधिकारियों/कर्मचारियों के प्रशिक्षण हेतु कुरुक्षेत्र में बनेगा राज्य स्तरीय राजस्व प्रशिक्षण संस्थान।

100 करोड़ रुपये की लागत से राज्य स्तरीय अत्याधुनिक डेटा सेंटर की होगी स्थापना।

राज्य की आपदा तैयारी को नई मजबूती देने के लिए 'हरियाणा राज्य आपदा मोचन बल' का होगा गठन।

सभी शहरी क्षेत्रों के कैडस्ट्रल नक्शों को किया जाएगा अपडेट।

आईटी सक्षम, कागज रहित 'राजस्व न्यायालय केस प्रबंधन प्रणाली' होगी लागू।

'स्वामित्व योजना' के तहत सभी गांवों के पूरे और स्पष्ट भूमि रिकॉर्ड तैयार करके ग्रामीणों को होंगे उपलब्ध।

गुरुग्राम में दो तथा फरीदाबाद, पंचकूला, अंबाला, सोनीपत, पानीपत, रेवाड़ी, पलवल व नूंह में एक–एक नया फायर स्टेशन बनेगा।



# समाज कल्याण

"दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना" के तहत 23 वर्ष या उससे अधिक आयु की उन महिलाओं को प्रतिमाह 2,100 रुपये की सहायता दी जा रही है, जिनके परिवार की वार्षिक आय 1 लाख रुपये से कम है। इस योजना के लिए 6,500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया जायेगा।




अब तक 9 लाख 22 हजार 452 लाभार्थी बहनों के खातों में 4 किस्तों में 634 करोड़ रुपये की राशि डाली जा चुकी है।

1 जनवरी, 2026 से ₹1 लाख से ₹1.80 लाख वार्षिक आय वाली उन महिलाओं को भी ₹2,100 मासिक लाभ मिल रहा है, जिनके बच्चों ने कुपोषण से सामान्य स्तर पर पहुंचकर प्रगति दिखाई है या जिनके बच्चों ने कक्षा दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं या फिर जिनके बच्चों ने निपुण भारत मिशन में कक्षा स्तरीय में दक्षता प्राप्त की हो।

नशामुक्ति के लिए बनाया जाएगा 'उत्कृष्टता केंद्र'।

"वरिष्ठ नागरिक कल्याण क्लब" बनाए जाएंगे।

# महिला एवं बाल विकास



वर्ष 2015 में शुरू किए गए ''बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ'' कार्यक्रम के प्रयास से जन्म के समय लिंगानुपात 868 से बढ़कर 923 हुआ।

महिलाओं के सशक्तिकरण, कौशल विकास, प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण और उनकी उपलब्धियों को सम्मान प्रदान करने के लिए गुरुग्राम में एक 'नारी मंडपम' होगा स्थापित।

महिलाओं और बच्चों से संबंधित सेवाओं के वितरण के लिए इंटीग्रेटेड सिंगल विंडो प्लेटफार्म के रूप में अंबाला, यमुनानगर, रोहतक और गुरुग्राम में बनेंगे 'वात्सल्य भवन'।

'महिला–समर्थ संस्थान पुरस्कार' योजना होगी शुरू, जिससे सभी सरकारी एवं निजी संस्थाओं का महिला–अनुकूल रेटिंग फ्रेमवर्क के आधार पर मूल्यांकन होगा।

1,000 आंगनवाड़ी केंद्रों को प्ले–स्कूल में किया जाएगा अपग्रेड

पांच करोड़ रुपये की लागत से बनाया जाएगा 'वर्कप्लेस सेफ्टी फंड'

1,000 आंगनवाड़ी केंद्रों को 'सक्षम आंगनवाड़ी' के रूप में किया जाएगा अपग्रेड



# सूचना, जन सम्पर्क तथा कला एवं संस्कृति

राखीगढ़ी को टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जाएगा।

Haryana Media Personal Welfare Fund Administration Scheme के अंतर्गत मीडियाकर्मियों को आपात स्थिति में दी जाने वाली आर्थिक सहायता को ₹2.5 लाख से बढ़ाकर ₹5 लाख किया।

'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना' के अंतर्गत तीर्थयात्रियों को शिरडी, माता वैष्णो देवी और गुरुद्वारा श्री हरमंदिर साहिब, अमृतसर की यात्राएं करवाई जाएंगी।

हरियाणा की समृद्ध लोक धरोहर के प्रसार हेतु वर्ष 2026–27 में पहला राष्ट्रीय संगीत कला महोत्सव होगा आयोजित।

**State University of Performing and Visual Arts** (सुपवा), रोहतक के सहयोग से प्रतिवर्ष हरियाणा फिल्म फेस्टिवल का आयोजन होगा।





# खान एवं भू-विज्ञान



पंचकूला, महेंद्रगढ़, फरीदाबाद, पलवल, करनाल, यमुनानगर, सोनीपत एवं अम्बाला जिलों में 24 नई खदानें शुरू कर अतिरिक्त ₹600 करोड़ के राजस्व का लक्ष्य।

# विदेश सहयोग

वैध रूट से विदेश में गए युवाओं की असमय मृत्यु होने पर परिवार को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए बनाया जाएगा कल्याण कोष।

युवाओं को विदेश जाने से पूर्व प्रशिक्षण देने के लिए विदेश मंत्रालय के सहयोग से राज्य में बनेगा प्री–डिपार्चर ओरियंटेशन ट्रेनिंग सेंटर।



डंकी रूट की समस्या को खत्म करने के लिए ओमान, कुवैत, जर्मनी और स्पेन में रोजगार दिलवाए जाएंगे।

# सैनिक एवं अर्ध-सैनिक कल्याण

केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के वीरता पुरस्कार विजेताओं को प्रदान की जाने वाली एकमुश्त नकद राशि में वृद्धि की जाएगी तथा नए वीरता पुरस्कारों को भी राज्य अनुदान के दायरे में शामिल किया जाएगा।

रक्षा बलों एवं केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के उन कार्मिकों के परिवारों को, जिनकी मृत्यु 'Physical Casualty' के रूप में अधिसूचित की गई है, उन्हें ₹10 लाख की अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी।

पूर्व सैनिकों एवं अर्धसैनिक बलों के पूर्व कार्मिकों के पुनर्वास एवं आजीविका संवर्धन हेतु हरियाणा सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण निगम की स्थापना की जाएगी।



# नागरिक संसाधन सूचना

राज्य में साइबर सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने तथा डिजिटल शासन को सक्षम बनाने के उद्देश्य से हरियाणा डिजिटल कवच–साइबर सुरक्षा उत्कृष्टता केंद्र होगा स्थापित।

नागरिक केंद्रित शासन को सशक्त बनाने हेतु एक केंद्रीकृत कॉल सेंटर स्थापित होगा, जो 70 से अधिक विभागों की 1,000 से अधिक योजनाओं और सेवाओं को एकीकृत कर 'वन–स्टॉप हेल्पलाइन' नंबर उपलब्ध कराएगा।

राज्य में नवाचार और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए "उत्कृष्टता एवं सह प्रौद्योगिकी इनक्यूबेशन केंद्र" होंगे स्थापित।



# नोट

# नोट

# नोट



सूचना, लोक सम्पर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana